बी. टी. सी. चतुर्थ सेमेस्टर-2018

प्रथम प्रश्न-पत्र

आरम्भिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन, लेखन-क्षमता का विकास

समय : 2 घण्टे] [पूर्णांक : 50

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. वर्णों के सार्थक समूह को कहते हैं—

(अ) शब्द (ब) वाक्य

(स) वर्ग (द) इनमें से कोई नहीं।

2. अ, इ, उ, ऋ स्वर का प्रकार है—

(अ) दीर्घ स्वर (ब) प्लुत स्वर

(स) ह्रस्व स्वर (द) इनमें से कोई नहीं।

3. इस विराम चिह्न (!) को कहते हैं—

(अ) प्रश्नवाचक (ब) अल्प विराम

(स) पूर्ण विराम (द) विस्मय सूचक।

4. 'अतिवृष्टि' का विलोम शब्द है—

(अ) कुदृष्टि (ब) अनावृष्टि

(स) अपकर्ष (द) इनमें से कोई नहीं।

5. य, र, ल, व व्यंजन हैं—

(अ) संयुक्त व्यंजन (ब) ऊष्म व्यंजन

(स) अन्तःस्थ व्यंजन (द) स्पर्श व्यंजन।

6. किसी भी संख्या के कितने मान होते हैं ?

(अ) चार (ब) एक

(स) दस (द) दो।

7. गणित की मूल संक्रियाएँ हैं—

(अ) गुणा-भाग (ब) जोड़-घटाना

(स) जोड़-घटाना-गुणा-भाग (द) केवल जोड़।

8. संख्या 8530 में सैकड़ा वाली संख्या बताइए—

(अ) 8 (ब) 5

(स) 3 (द) 0.

9. दो अंकों की सबसे बड़ी संख्या है— 1

(अ) 10 (ब) 88

(स) 100 (द) 99.

10. पठन कितने प्रकार का होता है ? 1

(अ) चार (ब) दो

(स) पाँच (द) तीन।

11. 'भ' वर्ण किस वर्ग में आता है ? 1

(अ) 'ट' वर्ग (ब) 'च' वर्ग

(स) 'प' वर्ग (द) 'त' वर्ग।

12. निम्न संख्याओं में अवरोही क्रम है— 1

(अ) 20, 15, 10, 5, 2 (ब) 20, 22, 24, 28, 30

(स) 20, 16, 32, 62, 72 (द) इनमें से कोई नहीं।

13. किसी संख्या में शून्य (0) से गुणा करने पर प्राप्त गुणनफल होगा— 1

(अ) दुगना (ब) चौगुना

(स) यथावत (द) शून्य।

14. 'सम्मान' शब्द उदाहरण है— 1

(अ) संयुक्त व्यंजन (ब) द्वित्व व्यंजन

(स) अनुनासिक व्यंजन (द) उपर्युक्त सभी।

15. 'तुरंग' शब्द पर्यायवाची है— 1

(अ) शेर (ब) ईश्वर

(स) घोड़ा (द) मनुष्य।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

16. पठन कौशल से क्या अभिप्राय है ? 1
17. अनुनासिक वर्ण किसे कहते हैं ? 1
18. स्वर किसे कहते हैं ? 1
19. सम संख्या से आप क्या समझते हैं ? 1
20. 'घ' का उच्चारण स्थान क्या है ? 1
21. ऊष्म व्यंजन से क्या तात्पर्य है ? 1
22. उत्पत्ति की दृष्टि से 'शब्द' के प्रकार बताइए। 1
23. यौगिक शब्द से क्या तात्पर्य है ? 1
24. विस्मय बोधक वाक्य किसे कहते हैं ? 1
25. वर्ण किसे कहते हैं ? इसके प्रकार बताइए। 1

26. 'गणेश' शब्द के तीन पर्यायवाची लिखिए। 1

27. 'कनिष्ठ', 'वरदान', 'उत्कर्ष' के विलोम लिखिए। 1

28. प्राकृत संख्या किसे कहते हैं ? 1

29. राम ने 16 पेन खरीदे, श्याम ने 12 पेन खरीदे तथा मोहन ने राम से 10 पेन अधिक खरीदे तो बताइए कि मोहन ने कितने पेन खरीदे ? 1

30. संख्या 4547 में 5 का स्थानीय मान एवं अंकित मान बताइए। 1

लघु उत्तरीय प्रश्न

31. सस्वर पाठन से क्या तात्पर्य है ? इसका महत्त्व बताइए। 2

32. हिन्दी वर्णमाला में संयुक्त व्यंजन कितने हैं ? उदाहरण सहित समझाइए। 2

33. श्रुतलेख की उपयोगिता बताइए। 2

34. पूर्ण विराम से क्या तात्पर्य है ? सोदाहरण बताइए। 2

35. स्थानीय मान एवं अंकित मान से क्या तात्पर्य है ? उदाहरण सहित समझाइए। 2

36. वाक्य किसे कहते हैं ? इसका प्रमुख विशेषताएँ बताइए। 2

37. अवरोही क्रम को सोदाहरण लिखिए। 2

38. 'भाषा' का शिक्षण करते समय शिक्षक को किन बातों को ध्यान रखना चाहिए ? 2

39. शुद्ध पठन हेतु किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? 2

40. लेखन में अशुद्धियों के कारण बताइए। इसे कैसे दूर किया जा सकता है ? 2